This Question Paper consists of **49** questions and **7** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **49** प्रश्न तथा **7** मुद्रित पृष्ठ हैं।

| **Roll No.** **अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **Code No. 71/SS/338** **कोड नं.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**SET/सेट- A**

# INTRODUCTION TO LAW
# कानून एक परिचय
# (338)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ____________________

**Signature of Invigilators :**
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**
1. ____________________
2. ____________________

*General Instructions :*

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **71/SS/338**, **Set - A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिक में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **71/SS/338**, **सेट - A** लिखें।
5. (क) प्रश्न – पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# कानून एक परिचय
# (338)

**समय 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **49** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) सभी खण्डों में **वैकल्पिक मॉड्यूल A** अथवा **वैकल्पिक मॉड्यूल B** के सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

(v) **खण्ड – अ** में शामिल हैं :

(a) **प्रश्न संख्या 1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक का **1** अंक है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे सही विकल्प चुनकर लिखें।

(b) **प्रश्न संख्या 21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के **2** अंक हैं। (**दो** उपभाग के साथ प्रत्येक का **1** अंक)। प्रश्न संख्या **21** से **35** में प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) **खण्ड – ब** में शामिल हैं :

(a) **प्रश्न संख्या 36** से **41** – तक अतिलघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के **2** अंक हैं, प्रत्येक का उत्तर **30** से **50** शब्दों में दें।

(b) **प्रश्न संख्या 42** से **46** - तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के **4** अंक हैं, प्रत्येक का उत्तर **50** से **80** शब्दों में दें।

(c) **प्रश्न संख्या 47** से **49** - तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के **6** अंक हैं, प्रत्येक का उत्तर **80** से **120** शब्दों में दें।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – अ

1. मुस्लिम कानून के तहत क़ियास (Qiyas) का तात्पर्य है : **1**
   - (A) न्यायिक निर्णय
   - (B) नियम और सिद्धान्तों का संग्रह
   - (C) रिवाज / प्रथा
   - (D) शाही फरमान

2. बिना वसीयत के मरने वाले हिंदू की संपत्ति के उत्तराधिकार को कहा जाता है : **1**
   - (A) वसीयतनामा उत्तराधिकार
   - (B) निर्वसीयत उत्तराधिकार
   - (C) कानूनी उत्तराधिकार
   - (D) जबरन उत्तराधिकार

3. आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली मुख्य रूप से किस सिद्धांत का पालन करती है ? **1**
   - (A) प्रतिशोधी
   - (B) निवारक
   - (C) सुधारात्मक
   - (D) यातनादायक

4. अभिवचन/दलीलों को किस कानून के तहत परिभाषित किया गया है ? **1**
   - (A) भारतीय अनुबंध अधिनियम
   - (B) दंड प्रक्रिया संहिता
   - (C) सिविल प्रक्रिया संहिता
   - (D) साक्ष्य अधिनियम

5. एडीआर (ADR) का हिन्दी में अर्थ है : **1**
   - (A) वैकल्पिक विवाद विनियमन
   - (B) वैकल्पिक विवाद समाधान
   - (C) अतिरिक्त विवाद समाधान
   - (D) उचित विवाद उपाय

6. अपकृत्य कानून (Tort law) किसके अंतर्गत आता है ? **1**
   - (A) सार्वजनिक कानून
   - (B) निजी कानून
   - (C) अंतर्राष्ट्रीय कानून
   - (D) आपराधिक कानून

7. प्रक्रियात्मक कानून सुनिश्चित करता है : **1**
   - (A) न्याय
   - (B) निष्पक्ष सुनवाई
   - (C) अधिकारों की रक्षा
   - (D) उपरोक्त सभी

8. निम्नलिखित में से कौन आईपीसी के तहत एक सामान्य बचाव है ? **1**
   - (A) प्रतिशोध (बदला)
   - (B) निजी रक्षा
   - (C) घृणा
   - (D) क्रोध

9. निम्नलिखित में से किस मामले में इस बात पर जोर दिया गया कि संविधान सर्वोच्च है और सरकार इसके अन्तर्गत सीमित है? **1**
   - (A) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
   - (B) केशवानंद भारती वी. केरल राज्य
   - (C) मेनका गांधी वी. भारत संघ
   - (D) मिनर्वा मिल्स वी. भारत संघ

10. प्रस्तावना में कौन सा शब्द लोकप्रिय संप्रभुता को दर्शाता है? **1**
   - (A) गणतांत्रिक राज्य
   - (B) लोकतांत्रिक
   - (C) हम, भारत के लोग
   - (D) समाजवादी

**11.** भारत के संविधान में अधिकार का स्त्रोत कौन सा है? **1**

(A) पार्लियामेंट (B) न्यायपालिका (C) भारत के लोग (D) राष्ट्रपति

**12.** जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद देता है? **1**

(A) अनुच्छेद 19 (B) अनुच्छेद 20 (C) अनुच्छेद 21 (D) अनुच्छेद 22

**13.** निम्नलिखित में से कौन सा एक मौलिक कर्तव्य है? **1**

(A) वोट देने का अधिकार (B) संविधान का सम्मान करना
(C) संपत्ति का अधिकार (D) शिक्षा का अधिकार

**14.** किसी न्यायालय को उसकी शक्तियों से अधिक होने से रोकने के लिए किस रिट का उपयोग किया जाता है? **1**

(A) प्रतिषेध (B) परमादेश
(C) अधिकार पृच्छा (D) बंदी प्रत्यक्षीकरण

**15.** भारत की संसद में निम्नलिखित में से कौन शामिल हैं ? **1**

(A) लोकसभा और राज्यसभा
(B) लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति
(C) राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री
(D) सुप्रीम कोर्ट

**16.** राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव निम्नलिखित में से किस तरीके से किए जाते हैं? **1**

(A) प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा (B) अप्रत्यक्ष चुनाव द्वारा
(C) राष्ट्रपति द्वारा (D) सुप्रीम कोर्ट द्वारा

**17.** संसद की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता निम्नलिखित में से कौन करता है? **1**

(A) राज्यसभा के सभापति (B) राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री (D) लोकसभा अध्यक्ष

**18.** धन विधेयक पेश करने की सिफारिश कौन करता है? **1**

(A) प्रधानमंत्री (B) वित्त मंत्री
(C) राष्ट्रपति (D) लोक सभा अध्यक्ष

**मॉड्यूल A या मॉड्यूल B किसी एक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए**
**वैकल्पिक मॉड्यूल A**

**19.** निम्नलिखित में से कौन सा कारक सतत विकास का एक घटक नहीं है? **1**

(A) आर्थिक (B) सामाजिक (C) पर्यावरण (D) राजनीतिक

**20.** 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत'(Polluter Pays Principle) को भारत में किस मामले में मान्यता दी गई थी ? **1**

(A) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ
(B) वेल्लोर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम बनाम भारत संघ
(C) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(D) मेनका गांधी बनाम भारत संघ

## मॉड्यूल - B

**19.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत कौन सा निकाय सर्वोच्च प्राधिकरण है? **1**

(A) जिला फोरम (B) राज्य आयोग

(C) राष्ट्रीय आयोग (D) सुप्रीम कोर्ट

**20.** गलत या भ्रामक विज्ञापन को निम्नलिखित में से क्या माना जाता है ? **1**

(A) अनुचित व्यापार व्यवहार (B) उपभोक्ता फोरम प्रक्रिया

(C) उपभोक्ता शिक्षा (D) व्यावसायिक नवाचार

**21.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

हिंदू विवाह अधिनियम के तहत विवाह की न्यूनतम आयु पुरुष के लिए ___________ वर्ष और महिला के लिए ___________ वर्ष है।

**22.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

भारत में ईसाई विवाह ___________ द्वारा शासित होता है और ईसाइयों के बीच तलाक ___________ द्वारा शासित होता है।

**23.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

सूचना का अधिकार अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन में ___________ और ___________ को बढ़ावा देना है।

**24.** **प्रत्येक कथन के सामने सही या गलत लिखें।** **1+1=2**

(a) अभिवचन में केवल तथ्य बताए जाने चाहिए, न कि साक्ष्य का उल्लेख किया जाना चाहिए।

(b) अभिवचन में अनावश्यक या निंदनीय सामग्री हो सकती है।

**25.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

(a) भारतीय संविधान के अनुच्छेद ___________ के तहत कानूनी सहायता एक संवैधानिक जनादेश है।

(b) मध्यस्थता दोनों पक्षों पर ___________ होती है।

**26.** (a) विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना किस विधान के अंतर्गत की जाती है? **1+1=2**

(b) सिविल प्रक्रिया संहिता की किस धारा में अदालत के बाहर विवादों के निपटारे का प्रावधान है?

**27.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

(a) ___________ संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा मौलिक कर्तव्यों को संविधान में जोड़ा गया।

(b) मौलिक अधिकार ___________ है। (न्यायसंगत / गैर-न्यायसंगत)।

**28.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

(a) संविधान में ___________ मौलिक कर्तव्य हैं।

(b) बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अवसर प्रदान करने प्रावधान को ___________ संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया है।

**29.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

(a) पांच प्रकार की रिट बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, निषेध, उत्प्रेषण और ___________ हैं।

(b) कॉन्ट्रैक्ट एक्ट, हिंदू लॉ और मुस्लिम लॉ ___________ कानून के उदाहरण हैं।

**30.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

(a) भारत में __________ केंद्र सरकार का प्रमुख होता है।

(b) __________ को भारतीय संसद का निम्न सदन कहा जाता है।

**31.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :** **1+1=2**

(a) सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश किस आयु तक पद धारण कर सकता है?

(b) किस प्रकार के आपातकाल के दौरान, मौलिक अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है?

**32.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

एक्टस रीस (Actus reus) __________ कृत्य है, जबकि मेन्स रीया (Mens rea) आपराधिक __________ है।

**33.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

संसद के निचले सदन की अधिकतम संख्या __________ है और उच्च सदन की __________ है।

**मॉड्यूल A या मॉड्यूल B किसी एक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**वैकल्पिक मॉड्यूल A**

**34.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

एनजीटी की स्थापना वर्ष __________ में __________ अधिनियम के तहत की गई थी।

**35.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

क्योटो प्रोटोकॉल जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसे वर्ष __________ में __________ में अपनाया गया था।

**वैकल्पिक मॉड्यूल B**

**34.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत राज्य आयोग (State Commission) का क्षेत्राधिकार __________ से __________ की राशि तक है।

**35.** **रिक्त स्थान भरें :** **1+1=2**

(a) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत __________ शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

(b) झूठा या भ्रामक विज्ञापन __________ व्यवहार का एक उदाहरण है।

**खंड ब**

**36.** न्यायिक मिसाल का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **2**

**37.** प्रारूपण के कोई दो सिद्धांत लिखिए। **2**

**38.** संवैधानिक कानून की व्याख्या कीजिए। **2**

**39.** अधिष्ठायी कानून के चार उदाहरण दीजिए। **4x½=2**

**40.** लोक अदालत की कोई दो विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। **2**

**41.** राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) को लागू करने वाले किन्हीं दो कानूनों के उदाहरण दीजिए। **2**

42. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत हिंदू विवाह की किन्हीं चार अनिवार्यताओं को उजागर कीजिए। **2+2=4**

**अथवा**

आपराधिक कानून के तहत दण्ड के उद्देश्य को उजागर कीजिए। दंड के सुधारात्मक सिद्धांत की व्याख्या करें। **2+2**

43. हिंदू कानून के किन्हीं चार स्त्रोतों को उजागर कीजिए। **2x2=4**

**अथवा**

दीवानी मामलों में उपलब्ध किन्हीं दो उपचारों को उजागर कीजिए।

44. विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 1994 के किन्हीं दो प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। **4**

**अथवा**

लोकसभा और राज्यसभा की संरचना को स्पष्ट कीजिए।

45. ''देश के वित्तीय मामलों पर राज्यसभा का लगभग कोई नियंत्रण नहीं है''। कथन को न्यायोचित ठहराईये। **4**

**अथवा**

मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत के बीच कोई चार अन्तर उजागर कीजिए।

**मॉड्यूल A या मॉड्यूल B किसी एक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**वैकल्पिक मॉड्यूल A**

46. पर्यावरण की रक्षा करने और धारणीय विकास को बढ़ावा देने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण तन्त्रों की व्याख्या कीजिए। **4**

**वैकल्पिक मॉड्यूल B**

46. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता निवारण एजेंसियों के कार्यों की व्याख्या कीजिए। **4**

47. अधिष्ठायी कानून और प्रक्रियात्मक कानून के बीच कोई तीन अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **6**

**अथवा**

''रिट क्या हैं ? भारतीय संविधान के तहत प्रत्येक रिट क्षेत्राधिकार की प्रकृति और दायरे की व्याख्या कीजिए।''

48. सार्वजनिक कानून और निजी कानून के महत्व का विश्लेषण कीजिए। **6**

**अथवा**

भारतीय संविधान में प्रस्तावना का महत्व स्पष्ट कीजिए। प्रस्तावना संविधान का हिस्सा है या नहीं ? प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है या नहीं ?

**मॉड्यूल A या मॉड्यूल B किसी एक से प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**वैकल्पिक मॉड्यूल A**

49. न्यायिक सक्रियता के माध्यम से विकसित महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए। **3x2=6**

**वैकल्पिक मॉड्यूल B**

49. ''उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं की अवधारणा की व्याख्या करें। उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध उपायों को स्पष्ट कीजिए।'' **6**

- o O o -